GL BAJAJ
Group of Institutions
Mathura
FIND YOUR SPARK
Approved by AICTE & Affiliated to AKTU

# NOTICE

Ref.: GLB/DO/2022/038 Date: 29.03.2022

## CHALLENGE EVALUATION, ODD SEM. 2021-22
## (PHASE-I)

This is to inform that the students can apply for Challenge Evaluation, Odd Sem. 2021-22 (Phase-I ; exam held b/w 21.12.2021 to 17.01.2022) from **26.03.2022 till 10.05.2022** followed by an online payment of Rs.2500/- (Rupees Two Thousand Five Hundred Only) per subject.

**A. Challenge Evaluation**

1. The average of both the subject experts/evaluations shall be taken.
2. This average marks will be final and shall be printed on the Marksheet, even if it is less or more from the previous evaluation.
3. If there is a difference of more than 20% in the average marks and previous marks obtained then paid amount will be refunded after deduction of Rs.1000/- per subject.

**B. To view answer books**

1. Student can apply within 30 days of result declaration
2. Student will have to pay an online payment of Rs. 300/- per subject to see the evaluated answer sheets.
3. After payment, the evaluated answer books shall be made available at his/her login.
4. If does not satisfies with the evaluations, he/she can apply for Challenge Evaluation with 45 days of result declaration.

**C. To apply Scrutiny**

1. Student can apply for Scrutiny from 01.04.2022 till 20.04.2022 followed by an online payment of Rs.1000/- (Rupees One Thousand Only) per subject.

29.03.2022

**VIPIN DHIMAN**
**REGISTRAR**

GL Bajaj Group of Institutions MATHURA (U P)

Copy to:

- Director
- DSW
- HoDs
- Exam Cell
- All Faculty / Staff Members
- **Web Master:** To upload at our college website.

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को सूचित किया जाता है कि विषम समेस्टर 2021–22 की परीक्षा जो दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 से 17 जनवरी, 2022 के मध्य आयोजित की गयी थी, की उत्तर पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने हेतु इच्छुक छात्र दिनांक 26 मार्च, 2022 से 10 मई, 2022 तक निर्धारित शुल्क रू0 2500.00 (दो हजार पॉच सौ) प्रति विषय की दर से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने से संबंधित विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः डा.अ.क.प्रा.वि.वि. / प.नि.का. / 2022 / 5516 दिनांक 25 मार्च, 2022 (प्रति संलग्न) के अनुसार कार्यवाही के उपरान्त छात्र चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवदन कर सकेंगे। चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार परीक्षा समिति की 68वीं बैठक के मद संख्या 68.13 में लिये गये निर्णय निम्नवत् हैं:–

1 दोनों विषय विशेषज्ञों / परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाएगा।
2 यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देय होगा, चाहे वह मूल प्राप्तांकों से कम हों अथवा अधिक।
3 यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए शुल्क रू0 2500 / – में से रू0 1000 / – की धनराशि काटकर शेष परीक्षार्थी को वापस की जायेगी।
4 उक्त कमांक 03 के अनुसार छात्र को रू01000 / – की कटौती करते हुए रू0 1500 / – वापस की जाएगी। शुल्क वापसी हेतु छात्रों द्वारा बैंक विवरण आई0एफ0एस0 कोड, खाता संख्या एवं बैंक का नाम भरते समय ठीक से जांच कर लिया जाए कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक विवरण सही भरे गये हैं। यदि छात्र द्वारा गलत बैंक विवरण या किसी अन्य के खाता का विवरण दिया जाता है तो भुगतान में असुविधा के लिये छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन हेतु इच्छुक छात्र निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

Anurag Tripathi 25.03.22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5518 दिनांकः 25 मार्च, 2022

प्रतिलिपिः
1 निदेशक / प्राचार्य विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को सूचित करने का कष्ट करें।
2 कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4 संयुक्त / उपपरीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5 प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त निर्धारित तिथि से छात्रों को चैलेंज मूल्यांकन के आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु आनलाइन पोर्टल खोलने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
6 स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मॉ0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जनकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031
फोन 2732193, फैक्स 2732185

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थाओं के विषम सेमेस्टर 2021–22 परीक्षा जो दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 से 17 जनवरी, 2022 के मध्य आयोजित गयी थी, के छात्रों के परीक्षा फल घोषित हो चुके हैं। परीक्षा फल के उपरान्त ऐसे छात्र जो अपनी उत्तर पुस्तिका का चैलेन्ज मूल्याकन (Challenge Evaluation) कराना चाहते हैं, ऐसे छात्र चैलेंज मूल्यांकन का फार्म भरने से पूर्व उत्तर प्रदेश शासनादेश संख्या 39298/16–1099/17/2020, दिनांक 11 सितम्बर, 2020 के साथ श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443/03–जी0एस0/2019(टी.सी.) एवं विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति–2021 की 68वी बैठक में लिए गये निर्णय का विवरण निम्नानुसार है।

1. उक्त शासनादेश संख्या एवं परीक्षा समिति में लिए गये निर्णय के अनुसार छात्र उत्तर पुस्तिका देखने के लिए 30 (तीस) दिन के अन्दर आवेदन कर सकता है।
2. उक्त शासनादेश संख्या एवं परीक्षा समिति में लिए गये निर्णय के अनुसार छात्र को मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय (Per Subject) रू0 300/– विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा करना होगा।
3. छात्र को प्रति विषय (Per Subject) रू0 300/– विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा करने के उपरान्त उक्त विषय की डिजिटल मुल्यांकित उत्तर पुस्तिका छात्र को उसके लॉगिन पर User ID एवं पासवर्ड के माध्यम से दिखा दी जायेगी।
4. छात्र द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र असंतुष्ट होता है तो छात्र परीक्षा फल घोषित होने के 45 (पैतालिस) दिन के अन्दर चैलेन्ज मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकता है।
5. यह कार्यालय आदेश लॉगिन पर उत्तर पुस्तिका देखने हेतु दिनांक 26 मार्च 2022 से 25 अप्रैल, 2022 तक एवं चैलेन्ज मूल्यांकन (Challenge Evaluation) हेतु 26 मार्च, 2022 से 10 मई, 2022 तक प्रभावी होगा। तदोपरान्त किसी भी दशा में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

25.03.22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक : डा.अ.क.प्रा.वि.वि./प.नि0का0/2022/5516 दिनांकः 25 मार्च, 2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आश्वयक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. वित्त अधिकारी, डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ।
2. कुलसचिव, डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ। मा0 कुलपति महोदय को अवलोकनार्थ।
4. ई0 आर0 पी0 डा.अ.क.प्रा.वि.वि. लखनऊ।
5. निदेशक/प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

# आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत् छात्रों को सूचित करना है कि विषम सेमेस्टर 2021–22 की परीक्षा जो दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 से 17 जनवरी, 2022 के मध्य आयोजित की गयी थी, की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कूटनी कराये जाने हेतु इच्छुक छात्र दिनांक 01.04.2022 से 20.04.2022 तक निर्धारित शुल्क रू0 1000.00 ( एक हजार ) प्रति विषय की दर से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरान्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

अतः स्कूटनी हेतु इच्छुक छात्र निर्धारित तिथि तक आनलाइन आवदेन करना सुनिश्चित करें।

Anurag Tripathi 29.03.22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5531 दिनांकः 29 / 03 / 2022

प्रतिलिपिः

1 निदेशक / प्राचार्य विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को सूचित करने का कष्ट करें।
2 कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4 संयुक्त / उपपरीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5 प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त निर्धारित तिथि से छात्रों को स्कूटनी के आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु आनलाइन पोर्टल खोलने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
6 स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मॉ0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक